सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र
विशेषांक

RAJASTHAN GAZETTE
Extraordinary

साधिकार प्रकाशित

Published by Authority

भाद्र 29, शनिवार, *शाके* 1947- सितम्बर 20, 2025
Bhadra 29, Saturday, Saka 1947- September 20, 2025

भाग 6 (क)

नगरपालिकाओं संबंधी विज्ञप्तियां आदि।

स्वायत शासन विभाग, राज. जयपुर

अधिसूचना

जयपुर, सितम्बर 01, 2025

संख्या प.10(न.पा.)(गठन)(चुनाव)डीएलबी/25/18681 :-राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 3 एवं 10 तथा राजस्थान नगर पालिका (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 3 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला कलक्टर बूंदी द्वारा स्थानीय निकाय नगर पालिका देई हेतु वार्ड गठन के प्रारुप आदेश पर प्राप्त आपत्तियों के संबध में प्रस्ताव, अपने अभिमत सहित प्रेषित किये गये हैं। वार्ड गठन के प्रारुप आदेश पर आपत्तियों पर विचार करने के पश्चात राज्य सरकार उनके अभिमत से सहमत है तथा उनके द्वारा प्रस्तावित वार्ड गठन के प्रारुप आदेश को अनुमोदित करती है।

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित हैं ।

राज्यपाल की आज्ञा से,

जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर,
निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव।

नगर पालिका देई का सीमा विवरण प्रपत्र -क वर्ष-2025

वार्ड न.	सीमा विवरण	जनसंख्या
01	धोकल्या कुंए से प्रारम्भ होकर बागरिया बस्ती को शामिल करते हुये वन विभाग की भूमि दांयी ओर छोड़ते हुये कृषि मण्डी को शामिल करते हुये गिरीराज सुनार के मकान से परमानन्द मीणा के मकान तक आबादी शामिल कर देवनारायण मंदिर को शामिल कर वन विभाग की भूमि को दांये छोड़ते हुये मिश्रीलाल गुर्जर के मकान से सम्पूर्ण गुर्जर बस्ती को शामिल करते हुये रामदयाल बैरागी के मकान को बांयी ओर शामिल करते हुये रोड-रोड चलकर रंगलाल, उच्छबलाल गुर्जर के मकान को शामिल करते हुये हरिराम कीर के मकान तक आबादी को शामिल करते हुये रामचरण कीर के मकान को दांयी ओर छोड़ते हुये खेल मैदान को शामिल करते हुये देवस्थान से बांये घुमकर सड़क पर चलते हुये सीएचसी एवं विवेकान्नद चौराहा को शामिल करते हुये पुलिस थाना पर समाप्त।	594

02	कन्हैयालाल के मकान से प्रारम्भ होकर दांयी ओर वन विभाग एवं श्मशान भूमि को छोड़ते हुये छोटुदास महाराज को बांयी ओर शामिल कर पूर्व की ओर से चलते हुये लोकेश खाती के मकान को शामिल कर उत्तर की ओर चलकर सा0नि0वि0 आफिस को शामिल कर बांयी ओर रमेश कबाड़ी के मकान को शामिल करते हुये खेल मैदान को दांयी छोड़ते हुये रामचरण कीर के मकान को शामिल कर देई से डोकून रोड पर चलते हुये करण मीणा का मकान को शामिल करते हये वापिस कन्हैयालाल गुर्जर के मकान पर खत्म।	690
03	बून्दी रोड पर लीलदा चौराहे से प्रारम्भ होकर राजुलाल मीणा के मकान को दांयी ओर छोड़ते हुये विकास आयरन स्टोर एवं ईदगाह को बांयी ओर शामिल करते हुये लीलदा रोड पर दक्षिण पश्चिम में श्योजीलाल गुर्जर के मकान को दांयी ओर छोड़ते हुये रामसहाय मीणा के मकान को बांयी ओर शामिल करते हुये गोवर्धन मीणा के मकान, हसंवाहिनी एकेडमी, मुकेश मीणा का मकान, पप्पु मीणा का कुंआ बालाजी कॉलोनी के मिथून साहु का मकान बांयी ओर शामिल करते हुये रमेश गोस्वामी दांयी ओर छोड़ते हुये एचपी पेट्रोल पम्प, अम्बेडकर पार्क, सम्पूर्ण रैगर कॉलोनी, जंशी खटीक का मकान, श्रीराम कॉलोनी एवं मीणा धर्मशाला को शामिल करते हुये विकास आयरन स्टोर पर समाप्त। ।	719
04	बंसोली चौराहे से प्रारम्भ करके बून्दी रोड पर बांयी ओर कृष्णा डेयरी को शामिल करते हुये एवं दांयी ओर दर्पण हार्डवेयर दुकान को छोड़ते हुये आगे चलकर बून्दी रोड पर बांयी ओर होण्डा शोरूम को शामिल करते हुये एवं दांयी ओर धाकड़ सर्विस सेटर को छोड़ते हुये आगे चलकर बांयी ओर डी.जे . जगदम्बा , रामराज मीणा के मकान को लेते हुये एवं दांयी ओर आंखो के अस्पताल को छोड़ते हुये आगे चलकर बांयी ओर होटल रामगढ़ ,हीरो शोरूम को लेते हुये एवं दांयी ओर एच.पी .पेट्रोल पम्प , शोजीलाल मीणा के मकान को छोड़ते हुये आगे बून्दी रोड पर अंतिम देई की सीमा तक पंहुचकर वहां से वापिस घुमकर रामराज मीणा के मकान वाली गली में प्रवेश करते हुये रिद्धि-सिद्धि कॉलोनी मे रघुनंदन शर्मा के मकान को लेते हुये आगे चलते हुये रामप्रकाश मीणा के मकान को लेते हुये आगे चलकर दांयी ओर मारग भवन को लेते हुये इन्द्रगढ़ रोड पर महावीर शर्मा के मकान को लेते हुये वहां से वापिस घुमकर दांयी ओर मील, जितेन्द्र मीणा की दुकान को छोड़ते हुये बांयी ओर हनुमान के मकान को लेते हुये आगे चलकर बांयी ओर छीतर लाल, बोदरीलाल के मकान को लेते हुये दांयी ओर गणपत किराना स्टोर को छोड़ते हुये आगे चलकर बांयी ओर अब्दुल वहीद, कृष्णा डेयरी को शामिल करते हुये एवं दांयी ओर श्याम प्लाईवुड को छोड़ते हुये सम्पूर्ण आबादी को शामिल करते हुये बंसोली चौराहे पर समाप्त	718
05	घासभैरू दरवाजे से प्रारम्भ करके इसके आगे सुभाष सर्किल रोड पर बांयी ओर कन्हैयालाल साहु के मकान को लेते हुये एवं दांयी ओर सुरजा बाई	576

	सुमन के मकान को छोड़ते हुये आगे चलकर घासभैरू के चौक को दांयी ओर छोड़कर व बांयी ओर नाथुलाल चौपदार के मकान को शामिल करते हुये आगे पश्चिम दिशा में चलकर सुभाष सर्किल पर बांयी ओर आत्मजीत के मकान को शामिल करते हुये एवं दांयी ओर महादेव मंदिर को छोड़ते हुये उत्तर से दक्षिण दिशा की ओर नैनवॉ बून्दी रोड पर चलते हुये बंसोली चौराहे पर बांयी ओर श्री श्याम प्लाईवुड दुकान को शामिल करते हुये एवं दांयी ओर रईस मोहम्म्द की दुकान व मकान को छोड़ते हुये बंसोली इन्द्रगढ़ रोड पर चलकर आगे उत्तर दिशा में बांयी ओर खाली प्लॉट एवं दांयी ओर शिवजीलाल मीणा की दुकान व मकान को छोड़कर आगे घासभैरू चौक वाले रोड पर बांयी ओर छोटुलाल मीणा के मकान को लेते हुये एवं दांयी ओर कैलाश के मकान को छोड़ते हुये आगे उत्तर दिशा में चलते हुये विशाल माली की दुकान के पास उत्तर पूर्व वाली मालियो की गली में चलकर बांयी ओर रामराज मीणा व सोहनलाल मीणा के मकान को शामिल करते हुये कन्हैयालाल साहु के मकान तक की सम्पूर्ण आबादी को शामिल करते हुये समाप्त।	
06	लोहड़ी चौहटी के पास बांयी ओर महावीर राव के मकान को शामिल करते हुये व दांयी ओर कन्हैयालाल जैन के मकान को छोड़ते हुये तेली मोहल्ले में आगे चलकर घांस के दरवाजे के पास बांयी ओर बड़ के पेड़ व खाली प्लॉट को लेते हुये दांयी ओर बजरंगलाल तैली के मकान को छोड़ते हुये और आगे सुभाष सर्किल रोड की ओर चलते हुये बांयी ओर जुबेर खॉ के मकान को लेते हुये एवं दांयी ओर कन्हैयालाल साहु के मकान को छोड़ते हुये मालियो की गली में चलकर बांयी ओर विशाल माली किराना स्टोर को लेते हुये एवं दांयी ओर खाली प्लॉट को छोडते हुये आगे मीणा मोहल्ला व घासभैरू चौक वाले रोड पर चलते हुये बांयी ओर सोहनपाल, गिरीराज व कैलाश के मकान को लेते हुये आगे चलकर बंसोली रोड की ओर बांयी ओर लोकेश मीणा के मकान को लेते हुये तथा दांयी ओर शिवजी लाल मीणा के मकान को छोड़कर वापिस कंकाली माता मंदिर की गली में चलकर बांयी ओर शंकर के मकान को लेते हुये एवं इसके सामने कंकाली माता मोहल्ले को लेते हुये एवं आगे लौहड़ी चौहटी रास्ते की ओर बांयी ओर बाबा रामदेव मंदिर एवं मंदिर के सामने बैरवॉ मोहल्ले को लेते हुये दांयी ओर बाबुलाल जैन की दुकान को छोड़कर वापस महावीर राव के मकान तक समाप्त किया।	547
07	सगज जी के पास प्रभुलाल जांगिड़ के मकान को शामिल करते हुये रिंकु सैनी व बजरंगा के मकान को दायीं ओर छोड़ते हुये आगे चलकर गोपीलाल नागर के मकान को शामिल करते हुये धाकड़ बस्ती)केशव नगर (को शामिल करते हुये राधेश्याम जांगिड़ व छोटुलाल मीणा के मकान को शामिल करते हुये बजरंगलाल नागर तक की सम्पूर्ण आबादी को शामिल करते हुये समाप्त किया।	655

08	देवचंद कोली के मकान से प्रारम्भ होकर इसके पास घेर का नाडा की गली में गिरीराज माली व महावीर माली का मकान शामिल करते हुये गली के नुक्कड़ से गोबरीलाल माली के मकान को शामिल करते हुये स्व . रामनारायणजी माली का मकान को शामिल करते हुये रास्ते के सामने नाथुलाल कोली के मकान को सम्मिलित करते हुये मनीष सेनी के मकान को शामिल करते हुये नागणी व केशव नगर के रास्ते को पार करते हुये पश्चिम दिशा की ओर मुड़कर दुलीचंद कुम्हार के मकान के साथ गणेश माली शंकर माली के मकान को शामिल करते हुये रा0उ0प्रा0वि0 ओल्ड देई को छोड़ते हुये अणदी माली के मकान को शामिल करते हुये राधेश्याम माली, प्रहलाद माली, छोटुमाली , कजोड़ कुम्हार , दुर्गाशंकर साहु , शंकर साहु, जगदीश साहु को शामिल करते हुये, गोपाल जी के मकान तक वार्ड समाप्त	577
09	देवजी चौक से प्रारम्भ होकर पूर्व दिशा में बांयी ओर मनोहर जैन के मकान से रामचरण कल्याण के मकानो को छोड़ते हुये मोहनलाल दलीचंद के मकानो को शामिल करते हुये, कन्हैया बाबु के मकान को लेते हुये उत्तर दिशा में बांयी ओर मुड़ते हुये प्रभु, धन्ना, नन्दकिशोर , मोती के मकानो को लेते हुये वापिस दांये मुड़कर दक्षिण दिशा में मुरली रामनारायण के मकान तक पुनः बांयी मुड़ते हुये फोरकी पीरू के मकानो को शामिल करते हुये पुनः बांये मुड़कर नंदकिशोर वल्लभ के मकानो को लेते हुये बांये मुड़कर नुरका दुर्गालाल के मकान तक , फिर छीतरलाल कालु के मकान को लेते हुये बायें मुड़कर रामदेव मंदिर को शामिल करते हुये नंदकिशोर कालु के मकान को लेते हुये दांये मुड़कर पानी की टंकी से राजकुमार धन्ना के मकान को शामिल करते हुये ब्रजमोहन हीरा के मकान से बिरधी रामदेव के मकान को लेते हुये पूर्व दिशा में बांयी ओर कस्तुरचंद रघुनाथ माखन रामनारायण मोती मांगीलाल के मकान को लेते हुये पुनः पूर्व दिशा में दांयी ओर मुड़ते हुये भंवर लाल, फुंदीलाल के मकान को शामिल करते हुये देवनारायण मन्ना के मकान को लेते हुये बांयी ओर गली को शामिल करते हुये रामलाल फुंदीलाल के मकान को लेते हुये दायें मुड़ंकर रमेशचंद गोरधन के मकान को शामिल करते हुये महावीर के मकान को लेते हुये पूर्व दिशा में बांये मुड़कर चुन्नी रामनाथ के मकान को लेते हुये बांये मुड़कर किशनगोपाल, रामनारायण के मकान को लेते हुये दक्षिण दिशा में दाये मुड़ते हुये गोपाल, रामधन के मकान को शामिल करते हुये शंकर बिरधीलाल के मकान को लेते हुये बांये ओर गली छोड़ते हुये लक्ष्मण , जग्गनाथ के मकान से बिरधी,दलीचंद के मकान को शामिल करते हुये बांये और गली छोड़ते हुये, भवानीशंकर, प्रहलाद, सीता शंकर के मकानो को लेते हुये लोकेश , सुमेर के मकानो को शामिल करते हुये भैरूलाल, मोहनलाल के मकानो को लेते हुये बांयी ओर दीनदयाल सैन से शांति कन्हैयालाल के मकानो को छोड़ते हुये पुनः देवजी	676

	चौक तक समाप्त।	
10	छीतरमल जैन के मकान से शुरू करते हुये महेश जनरल स्टोर तक बांयी ओर शामिल करते हुये दायीं ओर चारभुजा मंदिर को छोड़ते हुये उत्तर दिशा में बाबु जांगिड़ से उर्मिला जैन के मकान तक की सम्पूर्ण बांयी दिशा आबादी को शामिल करते हुये सामने बंटी जैन की दुकान से तेजमल सोनी के मकान तक को शामिल करते हुये बांयी ओर ललित जैन के मकान से विष्ण टेलर के मकान को शामिल करते हुये उत्तर दिशा में मुड़कर नारायण पारीक तक की आबादी को शामिल करते हुये सामने दक्षिण मे चलकर देवनारायण चौक के बांयी ओर मनोहर जैन से सत्यनारायण छीपा को शामिल करते हुये वापस घुमकर सामने की ओर दीनदयाल सैन से रामावतार सोनी तक की बांयी आबादी को शामिल करते हुये यहां से उत्तरी ओर घुमते हुये घासी जैन के मकान से राजेन्द्र सिंह के मकान को शामिल करते हुये बांयी ओर गोस्वामी के मकान पर मस्जिद से पहले सीमा समाप्त ।	587
11	घास का दरवाजा रोड पर स्थित पूर्व दिशा में गायत्री सोनी के मकान से प्रारम्भ होकर पश्चिम दिशा की ओर उच्छब जी का मकान शामिल करते हुये सम्पत कुमार जैन के मकान को लेते हुये शम्भु शर्मा के मकान से दक्षिण दिशा से उत्तर दिशा की ओर जगदीश बैरवा के मकान को बांयी ओर शामिल करते हुये पूर्व दिशा की ओर आगे चलकर मंगल बैरवॉ व शोराज बैरवॉ के मकान को शामिल करते हुये चौथमल जैन के मकान को शामिल करते हुये ताराचंद जैन के मकान व रामानन्द के मकान को शामिल करते हुये लिविंग होप स्कुल तक समाप्त होता है।	705
12	विवेकानन्द चौराहा देई से बून्दी रोड पर चलते हुये सुभाष चौराहे से बाये घूमकर घांस भेरू का चौक से आगे बढ़ते हुये कोने पर बंजरग लाल साहू के मकान को शामिल करते हुये डीपी के पास बाये घूमते हुये रूस्तम चाचा के मकान से कोने पर भगवती पाराशर के मकान को दांयी ओर छोडते हुये, सुवानाथ के मकान से शुरू होकर सम्पत जी जैन के मकान तथा विजय कुमार जैन के मकान व दुकान से दायी तरफ घूमते हुये दुर्गालाल पाराशर से बाये गणेश पाराशर से बाये होते हुये नाथूलाल सैनी के मकान से मुख्य बाजार मे घूमते हुये पुजारी मौहल्ले के कोने से गुजरी के मकान से वापस मुख्य बाजार से लौटते हुये विवेकानंद चौराहे पर समाप्त।	552
13	गढ़ के पास रियाजुद्दीन के मकान को शामिल करते हुये सदर बाजार में केवल बांयी ओर के मकानो को शामिल करते हुये महावीर सैनी व कन्हैयालाल नागर) कॉर्नर मकान (के मकान को शामिल करते हुये प्रभुनाथ के मकान को शामिल करते हुये, मोहननाथ के मकान को दायीं ओर छोड़ते हुये रामबाबु पाराशर के मकान को शामिल करते हुये व ब्रजनारायण शर्मा के मकान को छोड़ते हुये देवजी महाराज के चबुतरे से निकलकर बजरंगलाल व दुर्गालाल के मकान को छोड़ते हुये प्रभुदयाल शर्मा के मकान को शामिल	590

	करते हुये नन्दलाल के मकान को शामिल करते हुये राधेश्याम के मकान को छोड़ते हुये रामस्वरूप शर्मा , बैचेन के मकान को शामिल करते हुये रामु जी शर्मा के मकान को शामिल करते हुये दोनो ओर वापस रियाजुद्दीन के मकान तक समाप्त A	
14	लोहड़ी चौहटी महादेवजी की हथाई से उत्तर दिशा में बांयी ओर चौथमल जी गुढ़ावालो के मकान को शामिल करते हुये दांयी ओर नन्दनजी खाती के मकान को छोड़ते हुये आगे प्रेमजी जुनीवालो के मकान को शामिल करते हुये गोल्या चबुतरा बोहराजी के मकान को दांयी ओर छोड़ते हुये पश्चिम दिशा में सदर बाजार में आगे बढ़ते हुये दोपर्या के मकान को बांयी ओर शामिल करते हुये जैन मंदिर को दांयी ओर छोड़ते हुये चारभुजा मंदिर के बांयी ओर शामिल करते हुये होली के खुंट को दांयी ओर छोड़ते हुये महावीर जी चौबिया के मकान को शामिल करते हुये आगे गढ़चौक से बांयी ओर अय्युब अंसारी के मकान को शामिल करते हुये रा0बा0उ0मा0वि0 विद्यालय को दांयी ओर छोड़ते हुये ओमजी गली वालो के मकान से दक्षिण दिशा में गढचौक के सहारे बैचेन जी के मकान को दांयी ओर छोड़ते हुये ओमप्रकाश साहु के मकान को शामिल करते हुये तेलियो के मंदिर को दांयी ओर छोड़ते हुये लौहड़ी चौहटी हथाई पर समाप्त।	606
15	सोमनाथ मंदिर से चंद्रप्रकाश सोयल व बाबुलाल सैन के मकान से प्रारम्भ होकर सम्पूर्ण आबादी सड़क के दोनो तरफ की शामिल करते हुये शीतला मंदिर के सामने बालाजी मंदिर के पीछे की साईड भैरूलाल सोयल के मकान को शामिल करते हुये रेगर मोहल्ले में रमेश ऐरवाल व राजेन्द्र ऐरवाल तथा रामदेव मंदिर के पास अंतिम मकान नन्दकिशोर सोयल का शामिल करते हुये खटीको की सम्पूर्ण आबादी को शामिल करते हुये शीतला मंदिर से सीधा दक्षिण दिशा में सड़क के दोनो साईड की सम्पूर्ण आबादी को शामिल करते हुये रामविलास सैन के मकान से सामने पश्चिम दिशा में दांयी तरफ कुम्हारो की गली में प्रवेश करते हुये दुर्गालाल जैन के मकान से बांयी तरफ की आबादी को शामिल करते हुये दुर्गश जैन के मकान से बांयी तरफ नवजीवन स्कुल के पीछे सत्यनारायण मंदिर से पूर्व दिशा में दिनेश जैन के मकान से बांयी तरफ की आबादी को शामिल करते हुये होली चौक से उत्तर दिशा में सुरेन्द्र जैन व देवलाल जैन) दांयी तरफ (के मकान से सम्पूर्ण आबादी को शामिल करते हुये विवेक जोशी , चन्द्रप्रकाश शर्मा, पप्पु सैनी, रमेश सैनी, दिनेश सैनी, नन्दकिशोर जैन के मकान को शामिल करते हुये बांयी तरफ प्रभुलाल गुर्जर व दांयी तरफ शंभुलाल जी पटवा तक सम्पूर्ण आबादी को शामिल करते हुये समाप्त।	690
16	नैनवा-बून्दी रोड पर राजू पान वाले की दुकान से बायी तरफ पानी की टंकी की गली रमेश जी जैन से सिंचाई विभाग व उसके आगे राजू माली से डॉ इशाक क्लिनीक की आबादी को शामिल करते हुये गणेश सैनी मालियो की	620

	गली से बालकिशन जी सोनी सदर बाजार तक शामिल करते हुये आगे रामस्वरूप जी धाकड से सनाढय भवन और मुरारी जी जैन से सत्यनारायण मंदिर से पटवार भवन उसके आगे गढ़चौक स्कूल से सदर बाजार तक पानी की टंकी से मालियो की गली तक समाप्त है।	
17	जैन मंदिर से प्रारम्भ होकर जितेन्द्र प्रजापत के मकान को शामिल करते हुये पूर्व की तरफ माली पाडा मे रामरतन जाट के मकान को शामिल करते हुये नरेश जी के मकान से भगत सिंह सर्किल के बाये ओर की आबादी को शामिल करते हुये मोती कुआ की गली से सीधे चलते हुये पवन जी के मकान से पूर्व दिशा मे लोकेश जी का मकान बाबाजी के स्थल को शामिल करते हुये धाकडो के मदिर ,कुम्हारो का मोहल्ला) नौगला (को शामिल करते हुये रतन जी सेन कॉर्नर से पूर्व की तरफ से बायी और बाबूलाल जी का अंतिम मकान को शामिल करते हुये वापिस पश्चिम दिशा मे चलते हुये रामकिशन माली प्रभू गुर्जर का मकान दुर्गेश विजय का मकान को शामिल करते हुये सत्यनारायण जी के मंदिर को छोडते हुये रामनिवास जी का मकान शंकर प्रजापत भवानी के मकान से बांयी तरफ मालियो की गली मे भगवान सैनी के अंतिम मकान को शामिल करते हुये पश्चिम दिशा मे आगे की तरफ दीपक बंगाली व रमेश शर्मा तेजमल माली के मकान को शामिल करते हुये मालियो की धर्मशाला पर समाप्त।	668
18	ओमप्रकाश जैन ढाढूण वाले के नये मकान को बांयी ओर शामिल कर पुनीत शर्मा के मकान को दांयी ओर छोड़कर जुगलकिशोर जैन के मकान को बांयी ओर शामिल कर क्रय विक्रय सहकारी समिति को दांयी ओर छोड़कर पदम जैन के मकान को बांयी ओर शामिल कर उम्मेद जी के मिल को दांयी ओर छोड़कर पुरूशोत्तम पटवारी के मकान को बांयी ओर शामिल कर श्योपुरा वालो के नये मकान को दांयी ओर छोड़कर ओमजी वकील के मकान को बांयी ओर शामिल कर दायीं ओर आंगनबाड़ी पाठशाला को छोड़कर श्वेताम्बर जैन मंदिर को दांयी ओर छोड़कर बलभद्र राव के मकान की ओर शामिल कर नसियॉ बालाजी मंदिर को दांयी ओर छोड़कर बांयी ओर रामपाल गोयल के मकान को शामिल कर दांयी ओर महेन्द्र गोयल के भट्टे को छोड़कर बायीं ओर सत्यनारायण विजय खेड़ी के मकान को शामिल करते हुये दायीं ओर कामेश्वर महादेव के मंदिर को छोड़ते हुये बांयी ओर बद्रीलाल विजय के मकान को शामिल कर पुनः ओमप्रकाश जैन के मकान पर समाप्त ।	734
19	नसिया कॉलानी मे राजू जी बरवा के मकान को शामिल करते हुये सत्यनारायण खेडी वाले के मकान को छोडते हुये पावर हाउस कॉलोनी के रास्ते विनोद जी शर्मा वाटर सप्लायर्स के मकान को शामिल करते हुये नवल किशोर जैन के मकान को छोडते हुये हरिराम बंजारा के मकान के सामने खरमाली के आम रास्ते पर गोपाल लाल सैनी के मकान को शामिल करते हुये रामदेव माली के मकान को छोडते हुये मूलचंद खाती व शिवाजी	713

	पीटीआई के मकान को शामिल करते हुये बीच रास्ते की दोनो तरफ की बसावट चदू जी एमएलए की और नवीन आबादी क्षेत्र को शामिल करते हुये पावरहाउस का सम्पूर्ण भाग को शामिल करते हुये नैनवा रोड के दायी और की कॉलोनी धानमडी के सामने का सम्पूर्ण आबादी को छोड़ते हुये डेलपुरा रोड पर निरंजन सिह के मकान को शामिल करते हुये डेलपुरा रोड पर बसी हुई बांयी और की गुर्जर बस्ती, कीर बस्ती नगरपालिका सीमा तक शामिल करते हुये गंगा सागर बांधी के उपर की बागरिया बस्ती को शामिल करते हुये वार्ड की सीमा समाप्त की जाती है।	
20	शाला भवन जामुनिया भैरूजी से प्रारभ होकर बाये तरफ कालबेलिया बस्ती, कीर बस्ती को शामिल करते हुये एवं धाकड़ , कुम्हारो की सम्पूर्ण बस्ती को शामिल करते हुये घेर का नाडा की सम्पूर्ण बस्ती को शामिल करते हुये, शाला भवन तक की आबादी को शामिल करते हुये समाप्त।	687

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।